<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–25 सितम्बर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज गौतमबुद्ध नगर में करेंगे पांच दिवसीय इंटरनेशनल ट्रेड शो– के दूसरे संस्करण का उद्घाटन : 2500 स्टॉल एवं प्रदर्शनी के माध्यम से उत्तर प्रदेश के हुनर को देश और दुनिया के सामने किया जाएगा प्रदर्शित।
- खाद्य पदार्थों में अपशिष्ट मिलाने पर होगी कठोर कार्रवाई, होटल, रेस्टोरेंट और ढ़ाबा संचालकों को प्रमुखता से प्रदर्शित करना होगा अपना नाम और पता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल बैठक में दिए निर्देश।
- प्रदेश सरकार ने इस वर्ष के धान क्रय नीति को दी मंजूरी, धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में पिछले वर्ष के मुकाबले 117रूपये प्रति कुंतल की दर से हुई बढ़ोतरी।
- प्रदेश भर में आज मनाई जा रही पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल बाराबंकी में किया, उनकी प्रतिमा का अनावरण

**********

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज गौतमबुद्ध नगर में ब्रांड यूपी की पहचान बने इंटरनेशनल ट्रेड शो– के दूसरे संस्करण का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी शामिल होंगे। इस प्रदर्शनी में प्रदेश के विभिन्न विभागों के साथ ही ओडीओपी, खादी एवं ग्रामोद्योग, गाम्य विकास तथा संस्कृति एवं सूचना विभाग प्रदर्शनी के माध्यम से अपनी उपलब्धियों को प्रस्तुत करेंगे। रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में प्रदेश की उपलब्धियों को भी इस आयोजन के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। तकनीकी सत्र का भी आयोजन होगा, जिसमें स्टार्ट अप, ई कामर्स, एक्सपोर्ट जैसे विषयों पर चर्चा होगी। पांच दिवसीय ट्रेड शो का समापन 29 सितंबर को होगा। आयोजन के अंतर्गत 2500 स्टॉल एवं प्रदर्शनी के माध्यम से देश और दुनिया के सामने यूपी के हुनर को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कल गौतमबुद्धनगर में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि यह आयोजन विश्व पटल पर ब्रांड यूपी की पहचान बन गया है। यह कार्यक्रम प्रदेश के व्यापार और संस्कृति को प्रदर्शित करेगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में वियतनाम एक भागीदार देश होगा।

***प्रदेश के हुनर को प्रदर्शित किया जा रहा है। अब तक सत्तर देशों के तीन सौ पचास से अधिक क्रेताओं ने अपना प्रतिभाग करने हेतु पंजीकरण यहाँ पर किया है और ये संख्या अभी और बढ़ेगी आयोजन में लगभग साढ़े तीन से चार लाख तक का प्रताव होने की संभावना है जो विगत वर्ष से अधिक है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के साथ ही राज्य महिला आयोग की नई कार्यकारिणी, समस्त भर्ती बोर्ड और आयोग के अध्यक्षों, उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा आयोग तथा अन्य विभागों के साथ अलग–अलग बैठक कर उनके कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि खाद्य प्रतिष्ठानों पर संचालक, प्रोपराइटर, प्रबंधक और अन्य संबंधित कर्मियों के नाम और पते प्रमुखता से प्रदर्शित किए जाएं। साथ ही खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में संशोधन किया जाए।

श्री योगी ने कहा कि इन प्रतिष्ठानों के संचालकों सहित सभी कर्मचारियों का सत्यापन करने के लिए प्रदेशव्यापी सघन अभियान चलाया जाए। प्रदेश सरकार खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। सभी होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट और अन्य खान–पान की दुकानों की गहन जांच और सत्यापन किया जाए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, पुलिस और स्थानीय प्रशासन की संयुक्त टीम सत्यापन करेगी। वहीं अन्य बैठकों में श्री योगी ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर 10 अक्टूबर तक प्रदेश की सड़कों को गड़ढामुक्त बनाने, ओबीसी समाज को राष्ट्रवाद की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उनकी समस्याओं के निराकरण,

**********

महिलाओं में नेतृत्व क्षमता के विकास, मंडियों में किसानों के लिए सस्ती कैंटीन खोलने, प्रदेश में रिक्त पदों पर भर्ती प्रकिया को पारदर्शी बनाने और समयबद्ध ढ़ंग से पूर्ण करने के भी निर्देश दिए।

**********

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कल आगरा के सरोजनी नायडू मेडिकल कॉलेज में स्थापित तंबाकू निवारण केन्द्र का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। तंबाकू निवारण केन्द्र के प्रभारी और मेडिकल कॉलेज के मानसिक रोग के विभागाध्यक्ष डॉ. विशाल सिन्हा ने बताया कि तंबाकू के सेवन को रोकने और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से इस केन्द्र का शुभारम्भ किया गया है। वहीं प्रदेशभर में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत तम्बाकू मुक्त युवा अभियान की शुरूआत की गई है। यह अभियान दो माह तक चलेगा।

**********

मेरठ के सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कल प्रदेश के कृषि विज्ञान केंद्रो की तीन दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किया। कार्यशाला में प्रदेश के नवासी कृषि

विज्ञान केन्द्रों के अध्यक्ष और कृषि विश्वविद्यालयों के निदेशक भाग ले रहे हैं। कार्यशाला में कृषि विज्ञान केंद्रो के तकनीकी सुदृढ़ीकरण के विभिन्न आयामो पर चर्चा की जा रही है।

**********

प्रदेश सरकार ने धान क्रय नीति को मंजूरी देते हुए खरीद की नई दरें निर्धारित कर दी हैं। इसमें पिछली बार के मुकाबले 117 रूपये प्रति कुंतल की दर से बढ़ोत्तरी की गई है। धान की कीमत इस वर्ष 2320 रूपये प्रति कुंतल रखी गई है, जबकि पिछले वर्ष यह दर 2203 रूपये प्रति कुंतल थी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में यह खरीद एक अक्टूबर से तथा पूर्वी और मध्य उत्तर प्रदेश में यह खरीद एक नवंबर से होगी। इस बार 70 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद का लक्ष्य रखा गया है। खाद एवं रसद विभाग के प्रस्ताव को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन मंजूरी भी मिल गई है।

**********

एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती आज प्रदेश भर में मनाई जा रही है। इस अवसर पर  विभिन्न शैक्षणिक, संस्थानों राजनीतिक और सामाजिक संगठनों की ओर से अलग अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट के माध्यम से उन्हें याद किया है। श्री योगी ने कहा है कि उनका जीवन, राष्ट्रीय एकात्मता और समाज के हर वर्ग की उन्नति के लिए समर्पित रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती की पूर्व संध्या पर बाराबंकी के विजय पार्क में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया, साथ ही राजकीय इंटर कॉलेज में उनके जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्‌घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि बाराबंकी राज्य राजधानी क्षेत्र का महत्वपूर्ण जनपद बन चुका है। बाराबंकी भी लखनऊ के साथ विकास का बराबर भागीदार बनने जा रहा है।

***बाराबंकी स्टेट कैपिटल  रीजन का पार्ट बनते ही बाराबंकी के साथ यहाँ के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती प्रदान करने का कार्य पब्लिक ट्रॉसपोर्ट की बेहतरीन सुविधा का लाभ प्रदान करने का कार्य और उसका लाभ भी बाराबंकी के वासियों को प्राप्त होने जा रहा है। एक और प्रदेश की राजधानी लखनऊ है और दूसरी तरफ श्री अयोध्या धाम है दोनों के बीच में बाराबंकी है  विकास वहां हो या यहाँ हो उसके लाभ से बाराबंकी को कोई वंचित नहीं कर सकता है।***

**********

अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के साथ ही विभिन्न राज्यों से आये वारकरी समुदाय से जुड़े करीब तीन हजार लोग आज से 6 दिन तक ज्ञानेश्वरी का पारायण कर रहे हैं।

***राष्ट्रीय भगवत धर्म परिषद मध्य प्रदेश के अध्यक्ष नारायण महाराज शिंदे ने बताया कि महाराष्ट्र से मध्य प्रदेश से सहित अन्य कई प्रति से बड़ी संख्या में वारकरी समाज के लोग पहुंचे हैं हम सभी का एक ही उद्देश्य है जो हमारे पूर्वज हैं बैकुंठ वासी पूर्वज माधव जी महाराज ने संकल्प कराया था। बड़ी संख्या में वारकरी समुदाय के लोगों के साथ सरयू का जल हाथ लेकर कि जब रामलाल नए मंदिर में विराजमान हो जाएंगे तो यहां आकर संत संत ज्ञानेश्वर महाराज जी की ज्ञानेश्वरी का पारायण का आयोजन करेंगे और आज बड़े ही खुशी की बात है कि 22 जनवरी को रामलाल अपने गर्भगृह में विराजमान हो गए हैं। इसलिए आज कई प्रान्तों से पुरुष और महिलाएं यहां पर आकर पूर्ण आहुति के रूप में ज्ञानेश्वरी ग्रंथ का पाठ कर रहे हैं। तनमय सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।***

**********